फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग

****

कमरा सं. 231, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 02.10.2021

विषय : कैबिनेट को भेजे जाने के लिए सितंबर, 2021 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ सितंबर, 2021 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(राम सजीवन)
संयुक्त निदेशक (एस एंड एम/ईडी)

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर डलवाने के अनुरोध के साथ

फाइल सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

<u>सितंबर, 2021 माह के लिए मासिक सार</u>

सितंबर, 2021 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं:

2. भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने वर्चुअल मोड में 30 सितंबर, 2021 को जयपुर में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट): इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स टेक्नोलॉजी (आईपीटी) का उद्घाटन किया। माननीय मंत्री (रसायन और उर्वरक) और माननीय राज्य मंत्री (रसायन और उर्वरक) ने जयपुर में स्वयं इस कार्यक्रम में भाग लिया।

3. सितंबर 2021 के दौरान, "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत भारत की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने विभिन्न नियोजित गतिविधियों को अंजाम दिया। उनका विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

4. सिपेट ने सितंबर, 2021 तक शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत 22,796 छात्रों (13,494 दीर्घावधि में नामांकित और 9,302 अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित) को नामांकित/प्रशिक्षित किया।

5. प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए, सिपेट द्वारा सितंबर, 2021 तक प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलींग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 42,587 तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान की गईं।

6. जुलाई, 2021 के माह के लिए रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के उत्पादन डेटा पर प्रमुख संकेतक तैयार किए गए और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के निर्माण के लिए एनएसओ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएस एंड पीआई) को भेजे गए। पिछले माह के उत्पादन की तुलना में जुलाई, 2021 के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायन के कुल उत्पादन में 13.41% की वृद्धि हुई है।

7. एचओसीएल ने सितंबर 2021 में क्रमश: 97.66% और 99.85% क्षमता उपयोग के साथ 3,255 मीट्रिक टन फिनोल और 2,047 मीट्रिक टन एसीटोन का उत्पादन किया। माह के दौरान 97.01% की क्षमता उपयोग के साथ H_2O_2 का उत्पादन 845 मीट्रिक टन था।

8. हिल इंडिया (लिमिटेड) ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के ऑर्डर और निर्यात की आवश्यकता के अनुसार 137.20 मीट्रिक टन डीडीटी टेक्निकल का उत्पादन किया।

9. सितंबर, 2021 के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित "राजस्थान के विभिन्न जिलों में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी" के तहत कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी) में कुल 650 नमूनों का प्रसंस्करण किया गया और उनका विश्लेषण जारी है। इसके अतिरिक्त, अनाज, सब्जियां, फल, दूध और पानी से युक्त 62 का प्रसंस्करण किया गया और उनका विश्लेषण भी आईपीएफटी में "राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशक अवशेषों की निगरानी" परियोजना के तहत चल रहा है।

10. आईपीएफटी द्वारा 20-22 सितंबर, 2021 के दौरान कर्नाटक के बीदर जिले के तीन स्थानों में "फसल सुरक्षा के लिए वनस्पतिक कीटनाशकों का उपयोग, एकीकृत कीट प्रबंधन, बेहतर कृषि पद्धतियां, मृदा स्वास्थ्य और पोषण और कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग" पर किसानों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें से प्रत्येक कार्यशाला में 250 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया।

11. सितंबर, 2021 के अंत तक कल्याण आयुक्त ने अनुग्रह राशि के 62,812 मामलों में निर्णय दिया, जिनमें से अवार्डेड और अस्वीकृत किए गए मामले क्रमशः 51,319 और 11,493 हैं। 51,319 दावेदारों को 857.63 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। माह के दौरान 90 अवार्डिड मामलों में 1.44 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है।

12. विभाग में 14 से 28 सितंबर, 2021 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। 28 सितंबर, 2021 को माननीय राज्य मंत्री (रसायन एवं उर्वरक) द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण किया गया और विभाग की गृह पत्रिका "रसायन दर्पण" का विमोचन किया गया।

13. विभाग और विभाग के दायरे में आने वाले विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में कोविड-19 से संबंधित सभी सावधानियों का पालन किया जाना जारी है।

14. विभाग में 1 से 15 सितंबर, 2021 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया और 01.09.2021 को सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्वच्छता संबंधी अनेक क्रियाकलाप, जैसे कबाड़ का निपटान, साफ एवं स्वच्छ परिवेश के लिए विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों द्वारा वेबिनारों का आयोजन किया गया।

15. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

i. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 28.92 लाख टन की तुलना में 2021-22 (जुलाई-2021 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों के उत्पादन की मात्रा बढ़कर 40.63 लाख टन हो गई, इस प्रकार इसमें 40.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
ii. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सभी प्रमुख रसायनों अर्थात एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स और डाई और पिगमेंट के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

iii. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 119.98 लाख टन की तुलना में प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा भी 2021-22 (जुलाई-2021 तक) के दौरान बढ़कर 142.62 लाख टन हो गई, इस प्रकार इसमें 18.87% की वृद्धि दर्ज की गई।

iv. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सभी प्रमुख पेट्रोरसायनों अर्थात सिंथेटिक फाइबर, फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट, परफॉर्मेंस प्लास्टिक, ओलेफिन, एरोमैटिक्स और अन्य पेट्रोरसायनों का उत्पादन बढ़ा।

निम्नलिखित आरेख 2021-22 (जुलाई-2021 तक) बनाम 2020-21 (जुलाई-2020 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सारांश प्रस्तुत करता है। (तालिका-I और II में डेटा)





16. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) जुलाई, 2021 के माह में 6,023/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायनों और 6,648/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात किया गया और माह के दौरान प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात क्रमशः 4,458/- करोड़ रुपये और 8,482/- करोड़ रुपये का था।

(ii) वर्ष 2021-22 (जुलाई, 2021 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का संयुक्त निर्यात 33.15/- हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 47.37/- हजार करोड़ रुपये का हो गया है और पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में आयात 27.06/- हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55.44/- हजार करोड़ रुपये का हो गया है।

(iii) जबकि, निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहे हैं, आयात में वृद्धि अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 6.09/- हजार करोड़ रुपये के ट्रेड सरप्लस की तुलना में चालू वर्ष में 8.07/- हजार करोड़ रुपये का व्यापार घाटा हुआ।

(iv) अप्रैल-जुलाई 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात के आंकड़े क्रमशः 15.64/- हजार करोड़ रुपये और 17.52/- हजार करोड़ रुपये रहे। अप्रैल-जुलाई 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात के आंकड़े क्रमशः 11.45/- हजार करोड़ रुपये और 15.61/- हजार करोड़ रुपये रहे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के विभिन्न समूहों के शेयरों को दर्शाते हैं।

जुलाई-2021 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का निर्यात



जुलाई-2021 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात



जुलाई-2021 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का आयात



जुलाई-2021 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात



तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन

(मात्रा:मीट्रिक टन)

क्र.सं.	प्रमुख रसायन समूहों के नाम	2020-21 (जुलाई, 2020 तक)	2021-22 (जुलाई, 2021 तक)	2020-21 के मुकाबले 2021-22 में % वृद्धि
1	एल्कली रसायन	2012806	2922301	45.19
2	अकार्बनिक रसायन	235016	297442	26.56
3	कार्बनिक रसायन	511022	615652	20.47
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	69087	103038	49.14
5	डाई और पिगमेंट	64494	124560	93.13
	कुल	**2892425**	**4062993**	**40.47**

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन

(मात्रा: मीट्रिक टन)

क्र.सं.	प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों के नाम	2020-21 (जुलाई, 2020 तक)	2021-22 (जुलाई, 2021 तक)	2020-21 के मुकाबले 2021-22 में % वृद्धि
1	सिंथेटिक फाइबर	488043	1223862	150.77
2	फाइबर इंटरमीडिएट	1463984	1795017	22.61
3	पॉलिमर	3589017	3888646	8.35
4	सिंथेटिक रबर	98329	126058	28.20
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	217094	262972	21.13
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	364206	508716	39.68
7	ओलेफिन्स	3647886	3949208	8.26
8	एरोमेटिक्स	1420063	1720718	21.17
9	अन्य पेट्रोरसायन	708951	786566	10.95
	कुल	**11997573**	**14261763**	**18.87**

बड़े और मध्यम पैमाने के उद्योगों से प्राप्त एमपीआर के आधार पर।

अनुलग्नक

i. सिपेट हैदराबाद ने 02.09.2021 को भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर एक चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

ii. सिपेट कोच्चि ने सच्ची आजादी के संदेश को फैलाने के लिए 03.09.2021 को पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

iii. सिपेट भुवनेश्वर ने स्वच्छता के सिद्धांत को प्रसारित करने के लिए 14.09.2021 को स्वच्छ भारत ड्राइव का आयोजन किया।